एक करोड़ रु. से ज्यादा की स्मैक जब्त, दो महिला तस्कर गिरफ्तार

530 ग्राम अवैध मादक ''स्मैक'' के साथ पुलिस ने पकड़ा

- झालावाड़ से नशे की खेप जयपुर में सप्लाई करने आई थी दोनों तस्कर

जयपुर (कासं)। जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल जिला स्पेशल टीम (क्राइम ब्रांच सीएसटी) ने प्रताप नगर थाना इलाके में ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाली दो महिला तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 530 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक जब्त किए है। पुलिस के अनुसार जब्त की गई स्मैक की अंतर्राष्ट्रीय बाजार कीमत एक करोड़ 10 लाख रुपये है। जो झालावाड से जयपुर सप्लाई होने आई थी। फिलहाल आरोपित महिला तस्करों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त (अपराध) अभिजीत सिंह ने बताया कि जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत प्रताप नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाली महिला तस्कर 30 वर्षीय रेखा सांसी और 28 वर्षीय नगीना सांसी को गिरफ्तार किया है और दोनों ही आरोपित महिलाएं लाडनू जिला नागौर हाल कानोता जयपुर की रहने वाली है। पुलिस ने आरोपित महिलाओं के पास से 530 ग्राम ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक भी जब्त किए गए है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित महिलाएं यह स्मैक अमिता सांसी उर्फ मोटी पत्नि धरमू सांसी निवासी जयपुर के लिए झालावाड़ जिले से लेकर आना बताया है। जो इलाके में एक-एक ग्राम की पुडिया बना कर आते-जाते ग्राहकों को बेचती है। वहीं जब्त स्मैक की अंतर्राष्ट्रीय बाजार कीमत एक करोड 10 लाख रुपये है। पुलिस आरोपित महिला तस्करों से अवैध मादक पदार्थ स्मैक की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ कर रही है।

वैशाली नगर इलाके में कितने हैं अतिक्रमण और उन्हें हटाने की क्या है कार्य योजना?

जयपुर । राजस्थान हाईकोर्ट ने जेडीए से पूछा है कि शहर के वैशाली नगर इलाके को जोड़ने वाली सड़कों पर कितने अतिक्रमण हैं और उन्हें हटाने की क्या कार्य योजना है। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह और जस्टिस भुवन गोयल की खंडपीठ ने यह आदेश हर्ष कुमार की अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। वहीं खंडपीठ ने जेडीए सचिव को शपथ पत्र पेश कर बताने को कहा है कि यहां की क्वींस रोड, गांधी पथ, आम्रपाली मार्ग और वैशाली मार्ग की रोड की कितनी चौडाई है।

सुनवाई के दौरान अदालती आदेश की पालना में जेडीए के मुख्य प्रवर्तन अधिकारी आदर्श चौधरी और उपायुक्त रामवतार सिंह ताखर अदालत में पेश हुए। मुख्य प्रवर्तन अधिकारी ने अतिक्रमण को लेकर जवाब पेश करने के लिए अदालत से समय मांगा। इस पर अदालत ने उन्हें समय देते हुए जेडीए सचिव से अतिक्रमण और रोड की चौडाई को लेकर जानकारी पेश करने को कहा है। याचिका में अधिवक्ता वैष्णवी ने बताया कि वैशाली नगर से जुडी सडकों पर अतिक्रमण को लेकर हाईकोर्ट ने इस संबंध में पेश अभ्यावेदन को तय करने और अतिक्रमण हटाने को कहा था। इसके बावजूद भी जेडीए की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई।

वहीं जेडीए की ओर से अधिवक्ता अमित कुड़ी ने अदालत को बताया कि एरिया की कई कॉलोनियों में गेट बने हुए हैं। ट्रैफिक कंट्रोल बोर्ड में निर्णय लिया गया है कि सुरक्षा की दृष्टि से इन गेटों को अनुमति दी जा सकती है। वहीं अन्य अतिक्रमण को लेकर उचित कार्रवाई की जाएगी। इस पर अदालत ने जेडीए सचिव को एरिया को जोड़ने वाली वाले इन चार मुख्य रास्तों की चौड़ाई की जानकारी मांगने के साथ ही मौके पर मौजूद अतिक्रमणों संख्या और उन्हें हटाने की कार्य योजना पेश करने को कहा है।

सार-समाचार

महिलाओं-बालिकाओं को किया जागरूक

जयपुर । महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ होने वाली छेड़छाड़, छींटाकशी इत्यादि घटनाओं की प्रभावी रोकथाम के लिए पुलिस मुख्यालय राजस्थान जयपुर की ओर से तीस सितम्बर तक चलाये जा रहे जन जागरूकता अभियान ऑपरेशन गरिमा चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान जयपुर शहर में आमजन, महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया जा रहा है। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसेफ ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर योगेश दाधीच के निर्देशन में अभियान के तहत कालिका पेट्रोलिंग यूनिट महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा करते हुए तत्पर दिखाई दे रही है। विभिन्न सार्वजनिक स्थानों यथा शैक्षिणक संस्थान, गर्ल्स हॉस्टल, पीजी, मॉल्स, पार्क व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर ड्यूटी करते हुए महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ छेड़छाड़, छींटाकशी कर अश्लील हरकत करने व कॉलेज एवं स्कूल में पढ़ने वाली बालिकाओं का पीछा कर परेशान करने तथा छेड़छाड़ करने वाले असामाजिक तत्वों और मनचलों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए एवं निर्भया हेल्पलाइन नंबरों पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण करते हुए अभियान के दौरान कुल दो मनचलों / असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्यवाही कर विभिन्न थानों में गिरफ्तार करवाया। अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर योगेश दाधीच के निर्देशन में अभियान के तहत कालिका पेट्रोलिंग यूनिट विभिन्न स्कूल, कॉलेज, कॉलोनी, मोहल्ला इत्यादि में जाकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर एवं बस स्टैण्ड, परिवहन संसाधन लो फ्लोर बस सिटी बस, मिनी बस, अन्य पब्लिक ट्रांसपोर्ट संसाधनों में यात्रा करते हुए महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा के प्रति व कानूनों के बारे में जानकारी देकर 22,055 महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया गया। इसके साथ ही प्रोग्राम का सुपरविजन कर रही अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, रानू शर्मा के नेतृत्व में अभियान ऑपरेशन गरिमा के तहत निर्भया स्क्वॉड की मास्टर ट्रेनर द्वारा विभिन्न स्कूल, कॉलेज, महाविद्यालय में जाकर 10 हजार 133 छात्र-छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण व हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी गई व 840 महिलाओं और बालिकाओं को राजकोप सिटीजन एप के बारे में जानकारी देकर डाउनलोड करवाया गया।

शेफ डॉ.सौरभ शर्मा को अवार्ड मिला

जयपुर । राजस्थानी पाक-कला में उल्लेखनीय कार्य कर रहे सेलिब्रिटी डॉ शेफ सौरभ शर्मा को 'एमयूजे एक्सीलेंस अवॉर्ड्स - डॉ. रामदास एम पाई अवार्ड फॉर प्रोफेशनल एक्सीलेंस' से सम्मानित किया गया। मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर की ओर से आयोजित हुए इस कार्यक्रम में शेफ को 2024-25 में विश्वविद्यालय के समग्र विकास में उत्कृष्ट प्रदर्शन और असाधारण क्षमता का प्रदर्शन करने हेतु इस सम्मान से नवाजा गया। मणिपाल यूनिवर्सिटी से प्रोवोस्ट प्रोफे नीतू भटनागर, यूनिवर्सिटी के प्रो प्रेसिडेंट प्रोफे करुणाकर ए. कोटेगर ने शेफ को सम्मान प्रदान किया। इस दौरान यूनिवर्सिटी प्रेसिडेंट प्रोफ़े नीति निपुण शर्मा, रजिस्ट्रार डॉ अमित सोनी, डीन प्रोफे ब्रजेश कुमार सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। अपनी इस उपलब्धि के बारे में शेफ सौरभ ने कहा कि मुझे काफ़ी ख़ुशी है कि राजस्थानी पाक में मेरी कोशिशों को इस तरह सरहाया जा रहा है। यह सम्मान केवल मेरी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं बल्कि एक साझा सम्मान है। एमयूजे की प्रतिभाशाली टीम के साथ इस अद्भुत यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए मैं सदैव तत्पर हूं।

अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस समारोह आज

जयपुर । राजधानी जयपुर पहली बार गवाह बनेगा अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस समारोह का, जो अल्बर्ट हॉल म्यूजियम प्रांगण में रविवार सुबह 6 से 7:30 बजे तक आयोजित होगा। वैश्विक आध्यात्मिक गुरु और आर्ट ऑफ लिविंग के प्रणेता श्री श्री रविशंकर के इस वक्तव्य और आचरण से प्रेरित होकर इस आयोजन का नेतृत्व आर्ट ऑफ लिविंग जयपुर की ओर से किया जायेगा। इस कार्यक्रम में संगीतमय प्रस्तुतियाँ, ध्यान सत्र और शांति और सद्भाव का सामूहिक संदेश दिए जाएंगे। आर्ट ऑफ लिविंग राजस्थान मीडिया प्रभारी डॉ आभा पाराशर ने बताया, 'यह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि पूरी दुनिया को एक शक्तिशाली संदेश है – कि जयपुर शांति, करुणा और एकता के लिए खड़ा है।' गौरतलब है कि गुरुदेव श्री श्री रविशंकर आगामी नवम्बर माह में जयपुर पधारेंगे।

बनाना चैट का आयोजन आज

जयपुर । बनाना चैट के दसवें संस्करण का आयोजन रविवार को शाम 5:30 बजे यहां नारायण निवास पैलेस के द कनोता कोट्यार्ड में होगा। सत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, भविष्य, अमूर्तता, नवाचार और भविष्य पर चर्चा होगी। एकेएफडी स्टूडियो और अनंतया, अर्बन स्टूडियो की ओर से होने वाले इस सत्र का संचालन अतिथि वक्ता अर्बन स्टूडियो की सह-संस्थापक आर्किटेक्ट अमीषा करेंगी। डिजाइन और वास्तुकला में नए दृष्टिकोण लाने के लिए अमूर्तता नवाचार को कैसे आकार देती है, इसी विषय पर गहन चर्चा होगी।

'पं. उपाध्याय की नीतियां प्रासंगिक'

जयपुर । विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शनिवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति व्याख्यान के पोस्टर का विमोचन किया। यह कार्यक्रम पंडित दीनदयाल स्मृति समारोह समिति द्वारा आयोजित किया गया। देवनानी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की नीतियां आज भी पूरी तरह प्रासंगिक हैं। स्वावलंबन और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में उनके विचार मार्गदर्शक हैं। उन्होंने बताया कि 25 सितंबर को पंडित उपाध्याय की 109वीं जयंती धानक्या में राष्ट्रीय स्मारक स्थल पर मनाई जाएगी। समिति अध्यक्ष प्रो. मोहनलाल छीपा ने बताया कि जयंती कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे मुख्य अतिथि होंगे। उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा विशिष्ट अतिथि और विजेंद्र सिंह अध्यक्षता करेंगे, जबकि मुख्य वक्ता अरुण जैन होंगे। इस अवसर पर उपाध्याय पर शोध करने वाले शोधार्थियों को सम्मानित भी किया जाएगा।

देवनानी की सांसद सिरोया से मुलाकात

जयपुर । विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से शनिवार को यहां कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ़ राजस्थान में कर्नाटक से राज्यसभा सांसद लहर सिंह सिरोया ने शिष्टाचार मुलाकात की। देवनानी का सिरोया ने पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिवादन किया। देवनानी की सिरोया से राज्यसभा, कर्नाटक और राजस्थान के संबंध में बातचीत हुई। इसी प्रकार देवनानी से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्य सुरेश सोनी की शिष्टाचार मुलाकात हुई। देवनानी ने सोनी को विधानसभा में नवाचारों का एक वर्ष और भारत की महान राष्ट्रीय विभूतियां पुस्तक भेंट की।

चेन स्नैचर सोनू सिंह गिरफ्तार

जयपुर । जवाहर नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन माह से फरार चल रहे एक शातिर चेन स्नैचर को धर-दबोचा है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। थानाधिकारी महेश चंद्र गुर्जर ने बताया कि तीन माह से फरार चल रहे शातिर चेन स्नैचर सोनू सिंह निवासी छोटी चौपड़ जयपुर को गिरफ्तार किया है।

लिव-इन-पार्टनर पर दुष्कर्म का आरोप

जयपुर । जामडोली इलाके में तीन साल से लिव इन रिलेशन शिप में रहे रहीं युवती ने अपने पार्टनर पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। थानाधिकारी मनोज कुमार ने बताया जयसिंहपुरा खोर निवासी 23 वर्षीय युवती ने मामला दर्ज कराया है कि आरोपी उसकी के गांव का रहने वाला है। जिसके चलते आरोपी से बातचीत होती रहती थी। इसी दौरान दोनो में दोस्ती हो गई और फिर प्यार हो गया। प्रेम जाल में फंसा कर आरोपी उसे घर से भगा लाया । जिसके बाद वो दोनो लिव इन रिलेशनशिप में रहने लगे। इसी दौरान आरोपी तीन साल तक उसे शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करता रहा। पीड़िता ने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी ने शादी करने से इनकार कर दिया और मारपीट कर उसे घर से बाहर निकाल दिया। धोखे का एहसास होने पर पीड़िता ने आरोपी लिव-इन पार्टनर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

विधायक सराफ ने लगाए मेडिकल कैंप

जयपुर । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर चल रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने शनिवार को वार्ड 126 स्थित शिव पार्क, मालवीय नगर और वार्ड 149 स्थित गुरु गोविंद सिंह पार्क, राजा पार्क में निशुल्क मेडिकल कैंप की शुरुआत की। इस अवसर पर विधायक सराफ ने बताया कि यह सेवा अभियान पूरे मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में चलाया जाएगा। उन्होंने कहा, "आज दो वार्डों से शुरुआत की गई है, जल्द ही सभी 26 वार्डों में इसी तरह के निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। कार्यक्रम में नटवर कुमावत ने जानकारी दी कि दोनों कैंपों में 400 लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराई और डॉक्टरों से परामर्श लिया। इस अवसर पर महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुमन शर्मा, जयपुर शहर उपाध्यक्ष ब्रह्म कुमार सैनी, पार्षद ओम स्वामी समेत कई लोग मौजूद थे।

नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाकर दुष्कर्म किया

जयपुर (कासं)। चाकसू इलाके में एक परिचित ने युवती को बाइक पर बिठाया और नशीली कोल्ड-ड्रिंग पिलाकर बेहोशी की हालत में उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने नशे की हालत में युवती का अश्लील विडियो भी बनाया और वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा। धमकियों से परेशान होकर युवती ने मामले की जानकारी परिजनों को दी। जिसके बाद परिजनों ने युवती को थाने ले जाकर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने युवती के बयानों के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज उसकी तलाश शुरु कर दी है।

पुलिस ने बताया कि थाना इलाके में रहने वाली 18 साल की युवती का आरोप है कि 15 अगस्त को वह पैदल अपने घर लौट रही थी। तभी रास्ते में परिचित मिला और उसे घर छोड़ने का झांसा देकर बाइक पर बिठा लिया। सीतापुरा इलाके में ले जाकर आरोपी ने धोखे से नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाई और बेहोशी की हालत में उसके साथ दुष्कर्म किया । इसी दौरान आरोपी ने मोबाइल में अश्लील फोटो-वीडियो बना लिए। इस बारे में किसी को बताने पर अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दी। अश्लील वीडियो से ब्लैकमेल कर टॉर्चर करने लगा। परेशान होकर पीडिता ने परिजनों को आपबीती बताई। पुलिस ने युवती के बयानों के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है।

फंदा लगाकर विवाहिता ने की आत्महत्या

जयपुर । रामगंज थाना इलाके में फंदा लगाकर एक विवाहिता ने आत्महत्या की है। बताया जा रहा है कि दहेज के लिए ससुराल वाले विवाहिता को प्रताड़ित कर रहे थे। मरने से पहले उसने अपनी बहन को कॉल कर पति के मारपीट करने की बताया था। पुलिस ने एसएमएस अस्पताल में पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक विवाहिता के भाई ने दहेज हत्या का मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस ने बताया कि अजमेर के मदार की रहने वाली प्रियंका (32) ने आत्महत्या की है। जिसकी फरवरी-2021 में जौहरी बाजार में रहने वाले हरीश तनेजा से प्रियंका की शादी हुई थी। राजापार्क में हरिश सरस डेयरी बूथ चलाता है। पति हरिश तनेजा ने दहेज की मांग को लेकर प्रियंका के साथ मारपीट की। जिसके बाद प्रियंका ने अपनी बड़ी बहन टीना को फोन कर कहा कि हरिश शराब पीकर मारपीट कर रहा है। लात-घूंसों से पीट रहा है। बोल रहा है मां-बाप से 1 लाख रुपए लाकर दे। झगड़े के बाद प्रियंका ने अपने कमरे में चुन्नी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के कमरे में जाने पर प्रियंका फंदे से लटकी मिली। आत्महत्या की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मृतक प्रियंका के भाई मनीष की शिकायत पर दहेज हत्या का मामला दर्ज करवाया है।

परीक्षा में देरी से पहुंचे तो पुलिस ने गेट पर ही रोका

चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन शनिवार को कुछ युवा सीकर रोड स्थित शहीद मेजर योगेश अग्रवाल राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में देरी से पहुंचे। परीक्षा केन्द्र में एंट्री का समय पूर्ण होने के बाद स्कूल के दरवाजे बंद कर दिए गए, ऐसे में कुछ युवा परीक्षा में शामिल नहीं हो पाए। पुलिसकर्मियों ने भी उनसे समझाइश कर वापस घर लौटाया।

स्मैक-गांजा सप्लायर पुलिस के हत्थे चढ़े

जयपुर। जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) जयपुर पूर्व ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत जामडोली और खोह नागोरियान थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए

अवैध मादक पदार्थ स्मैक और गांजे की सप्लाई करने वाले दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से अवैध मादक पदार्थ स्मैक और गांजा जब्त किया है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) संजीव नैन ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत डीएसटी (पूर्व) ने जामडोली और खोह नागोरियान थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक और गांजे की सप्लाई करने वाले राजकुमार मीणा और तेजराम मीणा उर्फ टी. आर. को गिरफ्तार किया गया है। जिनके पास से पुलिस ने 50 ग्राम स्मैक और उच्च क्वालिटी का 112 ग्राम गांजा जब्त किया है। पुलिस आरोपितों से अवैध मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त के बारे मे पूछताछ करने में जुटी है।

अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त नाटक ''कर्ण'' का मंचन

जयपुर । महत्मा गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी, जयपुर के संस्थापक न्यासी स्वर्गीय श्री रामजी लाल स्वर्णकार की 22वीं पुण्य स्मृति पर शनिवार को भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अभिषेक नारायण कृत एवं कुलविंदर बख्शीश निर्देशित महाराष्ट्र श्रेष्ठ नाट्यय पुरस्कार विजेता हिंदी नाटक कर्ण का मंचन हुआ। महाभारत के महान योद्धा और दानवीर कर्ण पर आधारित इस नाटक ने उनके अदम्य साहस, दानशीलता, आत्मसम्मान और मानवीय मूल्यों को दर्शकों के सामने प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कर्ण की भूमिका विनीता जोशी, कृष्ण की भूमिका नौहारिका भटेजा तथा अर्जुन की भूमिका फरहा ने निभाई। नाटक कर्ण के लेखक अभिषेक नारायण तथा निर्देशक ने बताया कि कर्ण की कथा अस्तित्व के संघर्षों को उकेरती है, जो नैतिक दुविधाओं की भुलभुलैया से गुजरती तो जरूर है परंतु फिर भी सत्य, ईमानदारी और अडिग प्रतिबद्धता के सिद्धांतों से विचलित नहीं होती, भले ही उसे अपने कारणों की नैतिक अस्पष्टता से सामना ही क्यों नहीं करना पड़े। नाटक कर्ण अद्वितीय वीर और महादानी कर्ण के जीवन संघर्ष, परिस्थितियों की कठोरता और नैतिक जटिलताओं को उजागर करता है, परंतु साथ ही यह भी दर्शाता है कि कर्ण सत्य, ईमानदारी और आत्मसम्मान के प्रतीक बने रहते हैं। तीन महिला कलाकारों द्वारा अभिनीत इस नाट्यय प्रस्तुति में पारंपरिक भारतीय लोक एवं मार्शल कलाओं-मयूरंज छऊ, मणिपुरी थांग-ता और कलारिपयट्टु-का समावेश किया गया, जिसने इसे और भी विशिष्ट बना दिया। नाटक कर्ण के पात्र के सशक्त अभिनय ने ने दर्शकों को आत्ममंथन, करुणा और गहन संवेदनशीलता के आवरण में ढक दिया।

संस्थापक चेयरपर्सन डॉ. एम एल स्वर्णकार ने कहा कि कार्यक्रम कला संरक्षण और युवा पीढ़ी को संस्कृति से जोड़ने का एक प्रयास है।

हैरिटेज निगम ने पांच जर्जर भवन सीज किए

जयपुर । हैरिटेज निगम की किशनपोल जोन ने पांच जर्जर भवनों को अस्थाई सीज कर दिया। कारवाई के दौरान जर्जर भवनों में रहने वाले लोगों को निकलने में निगम दस्ते को भारी मशक्कत करनी पड़ी। हंगामा बढ़ता देख निगम के अधिकारियों ने स्थानीय पुलिस प्रशासन का सहयोग किया और समझाइश कर सुरक्षित स्थान पर भेजा। कार्रवाई में एक जर्जर पार्षद कार्यालय भी सीज किया गया है। जोन उपायुक्त दिलीप भंभानी ने बताया कि पांच असुरक्षित भवनों में से तीन भवनों को खाली कराए जाने पर इन भवनों में रहने वाले लोगों ने विरोध किया। इस पर सतर्कता शाखा और स्थानीय पुलिस का सहयोग लिया। अतिरिक्त जाब्ता मंगाकर लोगों से समझाइश की गई। भवन मालिकों ने शपथ पत्र देकर 15 दिन में जर्जर हिस्से को ध्वस्त करने और शेष भवन की मरम्मत करने का आश्वासन दिया है। निगम टीम की ओर से जर्जर भवनों पर पूरी निगरानी रखी जा रही है।

सेवा पखवाड़े में सफाई अभियान चलाया

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर ''सेवा पखवाड़ा'' कार्यक्रम के तहत शनिवार को सांगानेर विधानसभा के रिद्धि-सिद्धि मण्डल के वार्ड नंबर 86 में सफाई अभियान चलाया गया। ग्रेटर निगम के उपमहापौर पुनीत कर्णावट, रिद्धि-सिद्धि मंडल अध्यक्ष दीपा नाथावत, पूर्व चेयरमैन गणेश मीना, संयोजक विकास मीना, सह संयोजक हरीश शर्मा, सह संयोजक रमाकांत कटारा, कार्यक्रम संयोजक मनोज गोतोड़, पूर्व पार्षद हुकुम कंवर और सभी बूथ कार्यकर्ता, मंडल पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने इस स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में भाग लिया।

एस.के.आई.टी. में एलुमनाई इंटरेक्शन सैशन

जयपुर (कासं)। स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट एंड ग्रामोथान (एसकेआईटी) के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग में शनिवार को एलुमनाई इंटरेक्शन सैशन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के अतिथि संस्थान की पूर्व छात्रा एवं नेशनल इंटरनेट एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनआईएक्सआई) में कार्यरत नवनीत कौर रही। कार्यक्रम की शुरुआत में डॉ. स्वाति अरोड़ा ने अतिथि का स्वागत किया तथा विभागाध्यक्ष प्रो. प्रवीण कुमार जैन ने नवनीत कौर को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में एलुमनाई एसोसिएशन के प्रमुख प्रो. रोहित मुखर्जी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए अपना संदेश दिया,कि एलुमनाई इंटरेक्शन सेशन छात्रों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं क्योंकि इससे

उन्हें पूर्व छात्रों के अनुभवों से सीखने और उद्योग की वास्तविक जरूरतों को समझने का अवसर मिलता है।

इस अवसर पर नवनीत कौर ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए इंटरनेट गवर्नेंस और इंटर्नशिप अवसरों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा– 'आज का युग डिजिटल है, और इंटरनेट गवर्नेंस की समझ हर इंजीनियर के लिए जरूरी है। यदि छात्र सही समय पर सही दिशा में मेहनत करें तो उनके लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर करियर की असीम संभावनाएँ हैं।' सत्र के दौरान छात्रों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे जैसे कि 'इंटर्नशिप पाने का सबसे आसान तरीका क्या है?', 'इंटरनेट गवर्नेंस का आने वाले समय में कितना महत्व होगा?' जैसे सवालों पर नवनीत कौर ने विस्तार से उत्तर दिए। पूरा सैशन संवादात्मक माहौल में संपन्न हुआ, जहाँ विद्यार्थी केवल श्रोता नहीं रहे बल्कि सक्रिय भागीदार भी बने। फैकल्टी सदस्यों ने भी छात्रों को प्रोत्साहित किया कि वे ऐसे अवसरों का भरपूर लाभ उठाएँ। कार्यक्रम के अंत में विभागाध्यक्ष और शिक्षकों ने सुश्री नवनीत कौर का आभार व्यक्त किया। विद्यार्थिन्यों ने इस इंटरेक्टिव सेशन को प्रेरणादायी और करियर के लिए उपयोगी बताया।

'प्रोबेशन पर कार्यरत कर्मचारी भी कोटे में नियुक्ति के हकदार'

जयपुर (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने जूनियर अकाउंटेंट व तहसील राजस्व अकाउंटेंट संयुक्त भर्ती-2023 से जुडे मामले में प्रोबेशन पर कार्यरत मंत्रालयिक कर्मचारियों को भी विभागीय मंत्रालयिक कोटे के 12.5 फीसदी पदों पर नियुक्ति का हकदार माना है।

वहीं प्रार्थियों को वरिष्ठता व अन्य पारिणामिक परिलाभ सहित दो महीने में नियुक्ति देने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने विभिन्न न्यायिक फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि यदि किसी कर्मचारी की नियुक्ति नियमित चयन प्रक्रिया के जरिए स्थाई खाली पदों पर हुई है तो केवल प्रोबेशन के आधार पर उन्हें अस्थाई नहीं माना जा सकता। जस्टिस आनंद शर्मा ने यह आदेश मयंक तिवारी व अन्य की याचिकाओं को मंजूर करते हुए दिए। अदालत ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह प्रार्थियों की हद तक 24 दिसंबर 2024 की अंतिम चयन सूची को संशोधित करें। मामले से जुड़े अधिवक्ता अजातशत्रु मीना व मोविल जीनवाल ने बताया कि याचिकाकर्ता पीडब्ल्यूडी विभाग में एलडीसी के पद पर प्रोबेशन पर कार्यरत हैं। इस दौरान उन्होंने जूनियर अकाउंटेंट भर्ती-2023 में भाग लिया और इसकी मेरिट में भी आ गए, लेकिन उन्हें मंत्रालयिक कर्मचारी कोटे के पदों पर यह कहते हुए पात्र नहीं माना कि वे प्रोबेशन पर थे। इसे हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए कहा कि वे विधिक प्रक्रिया के तहत ही भर्ती में चयनित हुए हैं।